**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 17.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार पर की गई टिप्पणी से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को मिली राहत को बरकरार रखा है। जस्टिस ए.के. चौधरी की अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने सुनवाई के बाद बाबूलाल मरांडी के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक को जारी रखने का आदेश दिया।

**************

मनरेगा का नाम विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक वीबी– जी– राम– जी करने पर झामुमो ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह विकृत मानसिकता का परिचायक है। भाजपा ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतल शाहदेव ने विपक्ष पर राम विरोधी होने का आरोप लगाया है।

**************

आईआईटी –आईएसएम धनबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 20 से 22 दिसंबर तक दूसरा आईईईई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ईलेक्सकॉम–25 आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन में देश–विदेश के शोधकर्ता, शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ और तकनीकी संस्थानों से जुड़े लोग भाग लेंगे। आयोजन समिति के सदस्य डॉ. हिमांशु भूषण मिश्रा, डॉ. देवेंद्र चौक और डॉ. जयसिंह टी ने बताया कि ईलेक्सकॉम–25 का उद्देश्य क्वांटम टेक्नोलॉजी और साइबर फिजिकल सिस्टम के क्षेत्र में हो रहे नए विकास पर चर्चा के लिए एक बेहतर वैश्विक मंच उपलब्ध कराना है।

**************

पलामू जिले में थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा। जिले में 116 थैलेसीमिया के मरीज हैं। इस कड़ी में 27 दिसंबर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल में विशेष एचएलए मैचिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि इस शिविर में जिले के सभी पंजीकृत थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों का एचएलए मैचिंग परीक्षण किया जाएगा।

**************

जामताड़ा में स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। जिले में इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************

हजारीबाग स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरियाकरमा में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर प्रभारी डॉ. सनत कुमार महंता ने की। समारोह के दौरान संस्थान के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। पखवाड़े के दौरान कार्यालय एवं आवासीय परिसर, निकटवर्ती पर्यटक स्थलों, मंदिरों, विद्यालयों की साफ–सफाई के साथ–साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत संस्थान के किसान प्रशिक्षण भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

*********समाप्त*********